>

Title: Situation arising due to the shortage, black-marketing and increase in prices of fertilizers in the country.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): धन्यवाद, सभापति महोदय। मैं सदन का ध्यान देश में उर्वरक की किल्लत, कालाबाज़ारी एवं बढ़ती कीमतों की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं। इसी मॉनसून सत्र में बिहार के सांसदों ने जब उर्वरक की कमी के मुद्दे पर प्रश्न काल को सस्पेंड किया था तो माननीय मंत्री श्री श्रीकांत जेना जी ने हमारी अलग से मीटिंग बुलाई थी और यह माना था कि बिहार को 38000 टन यूरिया कम गया है।

20.00 hrs.

हमें विश्वास भी दिलाया गया था कि इसके बाद यह घटना कभी नहीं घटेगी। आज फिर वही कहानी दोहाराई जा रही है। सरकार ने धान एवं गेहूं का मिनिमम सपोर्ट प्राइस इस वर्ष एक रुपया भी नहीं बढ़ाया। डीएपी की कीमत 490 रुपए से 970 रुपए कर दी है। एमओपी की कास्ट 225 रुपए से 581 रुपए कर दी। यूरिया की सप्लाई को कम कर सरकार खुलेआम कालाबाजारी को बढ़ावा दे रही है। किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर रही है और उसके बाद घड़ियालू आंसू भी सरकार ही बहा रही है।

सभापति महोदय, अगर किसानों द्वारा की जा रही मेहनत को मनरेगा के मिनिमम प्राइस से भी जोड़ा जाए तो धान के उत्पादन का खर्च 17 सौ रुपए प्रति क्विंटल पड़ेगा। आज किसान आठ सौ रुपए प्रति क्विंटल पर अपना अनाज बेचने को मजबूर है। एफसीआई ने अभी तक बिहार में धान की खरीद शुरु भी नहीं की है, दिसम्बर का महीना आ गया है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : You are bringing in some other subject. You may restrict it only to the matter regarding fertilizer.

â€¦(व्यवधान)

डॉ. संजय जायसवाल : सभापति महोदय, मेरे यहां नौ फर्टिलाइज़र की फैक्ट्रियां बंद हैं, केवल 17 एमएमयू से ये फैक्ट्रियां चालू हो सकती हैं। ...(व्यवधान) मेरे यहां सारे किसान गेहूं के बदले गन्ना या दूसरी फसल लगा रहे हैं। सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। मार्च में जब गेहूं की किल्लत हो जाएगी तो मंत्रालय पूर्व की तरह ऑस्ट्रेलिया से फिर गेहूं मंगाएगा। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, सरकार के नौ फर्टिलाइज़ कारखाने बंद पड़े हैं, परन्तु उन पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है, गैस सप्लाई करके ये कारखाने शुरु कराए जाएं।

MR. CHAIRMAN : Shri Arjun Ram Meghwal, Shri Badri Ram Jakhar, Shri Devji Patel and Shri Udasi Shivkumar Chanabasappa are allowed to associate with this issue.